iBidLogistics
Simplified Way to Procure

ट्रैकर मैनेजर गाइड

प्लांट से ग्राहक तक हर गाड़ी देखना, और डिलीवरी का सबूत मंज़ूर करना।


आपका काम एक नज़र में
1. साइन इन करें
2. आपकी स्क्रीन
3. प्लांट में
4. रास्ते में
5. डिलीवरी का सबूत
6. जो गाड़ी नहीं आई
7. डैशबोर्ड और रिपोर्ट
8. संदेश और क्या करें

आपका काम एक नज़र में

1. **In Plant:** जो गाड़ियाँ लोड हो रही हैं।
2. **In Transit:** रास्ते की गाड़ियाँ, नक्शे पर।
3. **POD Pending:** डिलीवरी का सबूत जाँचें।
4. **Unreported Freights:** जो गाड़ियाँ नहीं आईं।

1. साइन इन करें

1. कंप्यूटर पर **ibidlogistics.com/login** खोलें, या फ़ोन पर **iBidLogistics** ऐप खोलें।
2. अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालें और **Request OTP** दबाएँ।
3. SMS से आया OTP डालें और **Login** दबाएँ।




वेबसाइट और फ़ोन पर साइन इन: (1) मोबाइल नंबर, (2) Request OTP


> आप साइन इन रहते हैं। अपना OTP किसी को न बताएँ।

2. आपकी स्क्रीन

साइन इन के बाद **Freights on the Way** खुलता है। ऊपर के बटन से चुनें क्या देखना है।



(1) In Plant, (2) In Transit, (3) POD Pending, (4) Completed, (5) Unreported Freights




फ़ोन पर: **Trackers** टैब

> ऊपर ब्रांच और तारीख चुनें। एक गाड़ी ढूँढने के लिए नंबर लिखकर **Search** दबाएँ।

3. प्लांट में

In Plant खोलें और गाड़ी दबाएँ। लोडिंग पॉइंट, सुपरवाइज़र और लोड माल दिखता है। सुपरवाइज़र बदल भी सकते हैं।




प्लांट में एक गाड़ी

4. रास्ते में

In Transit में हर गाड़ी की आखिरी जगह नक्शे पर दिखती है।

- **Dot tracker** से सफ़र कदम दर कदम खुलता है।
- **No recent ping** या **Delayed ping** यानी ड्राइवर का फ़ोन जगह नहीं भेज रहा। ड्राइवर को फ़ोन करें।




एक गाड़ी का सफ़र


5. डिलीवरी का सबूत

1. **POD Pending** खोलें। पीला लेबल यानी सबूत आपकी जाँच के इंतज़ार में है।

2. गाड़ी दबाएँ और फ़ोटो खोलें। हस्ताक्षर और मात्रा जाँचें।
3. **Approve** दबाएँ, या कारण लिखकर **Reject** करें।



POD Pending




फ़ोटो, Approve और Reject

> हर डिलीवरी मंज़ूर होने पर ही ट्रिप बंद होती है। उसके बाद ट्रांसपोर्टर बिल भेज सकता है।

6. जो गाड़ी नहीं आई


Unreported Freights वे गाड़ियाँ दिखाता है जो गेट पर नहीं पहुँचीं। ट्रांसपोर्टर को फ़ोन करें। **Release** से फ्रेट खाली होता है।




Unreported Freights

7. डैशबोर्ड और रिपोर्ट

Dashboard में देर वाली, रद्द और चालू ट्रिप दिखती हैं। **Reports** में ट्रिप, डिलीवरी, गेट और काँटे के रजिस्टर हैं।



Operations डैशबोर्ड



Reports

8. संदेश और क्या करें

संदेश या समस्या	क्या करें
गाड़ी नक्शे पर नहीं है	ड्राइवर ने Trip ID से ट्रैकिंग शुरू नहीं की। Trip ID फिर भेजें।
ट्रिप सूची में नहीं है	ऊपर की ब्रांच और तारीख जाँचें।
Number not registered	आपका मोबाइल नंबर चालू नहीं है। अपने Admin से कहें।

साइन आउट के लिए: **Settings**, फिर **Log out**।

मदद चाहिए? info@ibidlogistics.com पर लिखें